1	2	3	4
11.	Kheda	0.16026	0.20399
12.	Kutch	0.08029	0.09969
13.	Mehsana	0.08643	0.10171
14.	Panchmalials	0.11160	0.15138
15.	Rajkot	0.13617	0.16911
16.	Sabaikantha	0.12632	0.16662
17.	Suiat	0.19602	0.26587
18.	Suiendtanagar	0.08672	0.10597
19.	Balsad	0.11432	0.15616
	TOTAL	2.03767	275590

उत्तर प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्रों में बड़ी और मध्यम श्रेणी की सिंचाई परियोजनांए

2476. **श्री मनोहर कान्त ध्यानी** : क्या जल संसाधन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या उत्तर प्रदेश सरकार ने पहाड़ी क्षेत्रों के लिए तकनीकी और आर्थिक मूल्यांकन हेतु बड़ी अथवा मध्यम श्रेणी की सिचांई परियोजनाओं के संबंध में कोई प्रस्ताव भेजा हैं;

(ख) क्या इस क्षेत्र में छोटी सिंचाई परियोजना संबंधी कोई भौतिक सर्वेक्षण किया गया हैं;

(ग) इस क्षेत्र के लिए सिंचाई सुविधा के विकास के लिए क्या कोई उपाय किए जा रहे हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैं?

जल संसाधन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री शीश राम ओला) : (क) केन्द्र सरकार के पास ऐसा कोई प्रस्ताव स्वीकृति के लिए लम्बित नहीं हैं।

(ख) से (घ) सिंचाई परियोजनाओं के लिए परियोजना रिपोर्ट आदि तैयार करने संबंधी कार्य तथा सर्वे कार्य राज्य सरकारों द्वारा ही किए जाते हैं। इसके अलावा लघु सिंचाई परियोजनाओं की परियोजना रिपोर्ट स्वीकृति के लिए केन्द्र की नहीं भेजी जाती हैं।

वर्ष 1996-97 संबंधी उत्तर प्रदेश के वार्षिक योजना प्रारूप के अनुसार उत्तरी पर्वतीय क्षेत्र के लिए सिंचाई सुविधाएं मुहय्या कराने वाली वृहद एवं मध्यम परियोजनाओं के विवरण निम्नवत् हैं:-

1. **पूरी हो चुकी परियोजनाएं:**	**वृहद/मध्यम**
I पूर्व बेगुल जलाशय	वृहद
ii राम गंगा घाटी	मध्यम
iii लस्तर घाटी	मध्यम
iv खटीमा सिंचाई परियोजना	मध्यम
v. पूर्वी बेगुल जलाशय	मध्यम
vi कोसी सिंचाई परियोजना	वृहद
2. चल रही परियोजनाएं	
i जमरानी बांध	वृहद